पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा(तृ0स्ना0स्त0)–12 / 2022..................

बिहार कर्मचारी चयन आयोग

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

पत्रांक 2688/3110 दिनांक 19.07.2022

वि0सं0–01 / 22, तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक–14.04.2022 से 01.06.2022 तक प्राप्त किया गया। ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों में से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों के दृष्टिगत त्रुटि परिमार्जन हेतु आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन समर्पित किया गया है। कार्यालय में प्राप्त अभ्यावेदनों की समीक्षा के उपरान्त आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों के परिमार्जन हेतु एक अवसर दिया जाय एवं उनके आवेदन–पत्र के आलोक में नियमानुसार वांछित सुधार किया जाय।

ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की त्रुटि / भूल की है, वे त्रुटि परिमार्जन / भूल सुधार हेतु आयोग के वेबसाइट **https://bssc.bihar.gov.in** या **https://www.onlinebssc.com** का उपयोग करते हुये निम्न प्रकार से आवेदन दे सकते हैः–

1. अभ्यर्थी आवेदन के विहित प्रपत्र को आयोग के वेबसाइट **https://bssc.bihar.gov.in** या **https://www.onlinebssc.com** से डाउनलोड कर त्रुटि / भूल सुधार हेतु अपना अनुरोध लिखते हुये आवेदन भरेंगे।
2. ऑनलाइन आवेदन के जिस कॉलम में त्रुटि / गलती हुई हो, उस कॉलम को लाल इंक के कलम से घेर देंगे एवं आवेदन के विहित प्रपत्र में इसके सुधार हेतु प्रविष्टि करेंगे। किसी भी कॉलम में वांछित सुधार हेतु साक्ष्य के रूप में संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

साक्ष्य संलग्न नहीं किये जाने पर वांछित सुधार संबंधी आवेदन पत्र का संज्ञान नहीं लिया जाएगा।

3. आवेदन का विहित प्रपत्र, वांछित सुधार हेतु साक्ष्य के रूप में संलग्न प्रमाण–पत्र / कागजात की छायाप्रति एवं ऑनलाइन फॉर्म की छायाप्रति को स्कैन करते हुये आयोग के वेबसाइट **https://bssc.bihar.gov.in** या **https://www.onlinebssc.com** पर दिनांक–22.07.2022 से 29.07.2022 तक अपलोड करेंगे। अभ्यर्थी उपरोक्त सभी कागजात स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से इस प्रकार भेजना सुनिश्चित करेंगे कि दिनांक–05.08.2022 की कार्यालय अवधि तक आयोग कार्यालय को प्राप्त हो जाय।

अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन नं0, फॉर्म नं0, मोबाईल नं0 एवं ई–मेल आई0डी0 में सुधार संबंधी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा अर्थात उक्त कॉलम अपरिवर्तनीय है।

अभ्यर्थियों द्वारा साक्ष्य सहित विहित प्रपत्र में समर्पित आवेदन–पत्र पर आयोग स्तर से नियमानुसार आवश्यक सुधार किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सुधार हेतु आवेदन–पत्र का नमूना (Specimen) संलग्न है।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** का सतत अवलोकन करते रहेंगे।

19.07.22

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

नमूना (Specimen)

सेवा में,

सचिव,
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

विषयः– स्नातक स्तरीय पद हेतु आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2022 में मेरे द्वारा भरे गये आवेदन में त्रुटि के सुधार करवाने के संबंध में।

महाशय,

निवेदनपूर्वक कहना है कि मैं राहुल कुमार, पिता–सुरेश कुमार सिंह, पंजीकरण संख्या–1234567890 पता–मछली गली, राजा बाजार, पटना का निवासी हूँ। मेरे द्वारा विषयांकित परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन करते समय निम्नांकित कॉलम में त्रुटियाँ हुई है, जिसकी विवरणी एवं वांछित सुधार निम्नांकित हैः–

कॉलम	ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि	वांछित सुधार
NAME	RAHEL KUMAR	RAHUL KUMAR
FATHER'S NAME	SURESH KUMAR	SURESH KUMAR SINGH
D.O.B	12-07-1995	07-12-1995

उक्त कॉलम में अंकित त्रुटियों के वांछित सुधार हेतु साक्ष्य के रूप में प्रमाण संलग्न है। अतः अनुरोध है कि तद्नुसार त्रुटि में वांछित सुधार करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

Rahul kumar

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम – राहुल कुमार
पंजीकरण संख्या–1234567890
मोबाईल नं0–9111111111

अनु0:–

1. वांछित सुधार करने हेतु साक्ष्य के रूप में प्रमाण।
2. ऑनलाइन आवेदन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।